दिनांक : 07.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर सैनिकों को किया सलाम, एक्स पर बदली प्रोफाइल फोटो ।
- संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया आधुनिक डाकघर का उद्घाटन, 90 करोड़ डाक और सवा दो करोड़ पासपोर्ट की उपलब्धि गिनाई ।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 1100 श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को दिखाई हरी झंडी, सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा रवाना ।
- भोपाल नगर निगम को मिला 43 करोड़ का नया 'अटल भवन', 10 दफ्तर अब एक ही छत के नीचे ।

अब समाचार विस्तार से

**ऑपरेशन सिंदूर -वर्षगांठ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर देश के वीर सैनिकों के पराक्रम को सलाम किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि एक साल पहले हमारी सेनाओं ने अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प के साथ पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्रीय मंत्रियों ने आज एक्स पर अपनी प्रोफाइल फोटो बदलकर ऑपरेशन सिंदूर का लोगो लगाया। ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा-

**डाकघर उद्घाटन**

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज दिल्ली के नेहरू प्लेस में आधुनिक सुविधाओं से लैस नए डाकघर भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इंडिया पोस्ट हर साल करीब 90 करोड़ डाक और साढ़े सात करोड़ पार्सल पहुंचाती है, साथ ही डाकघरों से अब तक दो करोड़ बारह लाख पासपोर्ट भी जारी किए जा चुके हैं।

**सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्कृति विभाग की इस यात्रा में प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से 1100 श्रद्धालु शामिल हुए। यह ट्रेन भोपाल और उज्जैन से तीर्थयात्रियों को लेकर सोमनाथ के लिए रवाना हो गई। 11 मई को यह दल सोमनाथ महादेव के दर्शन कर वापस लौटेगा।

**नगर निगम-मुख्यालय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल नगर निगम के नए अत्याधुनिक मुख्यालय 'अटल भवन' का लोकार्पण किया। तुलसी नगर सेकंड स्टॉप पर बना यह 8 मंजिला भवन 43 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुआ है और इसे ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर बनाया गया है। अब तक शहर के करीब 10 अलग-अलग जगहों पर चल रहे नगर निगम के दफ्तर अब एक ही छत के नीचे आ गए हैं, जिससे आम लोगों को अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मुख्यमंत्री ने नीमच जिले में नगर निगम के 10.5 मेगावॉट के सोलर प्रोजेक्ट का भी लोकार्पण किया।

**फ्रूट होराइजन-2026**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लखनऊ में फ्रूट होराइजन सम्मेलन में कहा कि भारत को विकसित बनाना है तो किसानों का विकास ज़रूरी है। उन्होंने बताया कि देश में अभी 1 हजार 129 लाख मीट्रिक टन फलों की पैदावार हो रही है और 14 लाख मीट्रिक टन फल विदेश भेजे जा रहे हैं, जिसे और बढ़ाने के लिए एक खास टास्क फोर्स बनाई जाएगी।

**नीति आयोग- रिपोर्ट**

नीति आयोग ने कल भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक अहम रिपोर्ट जारी की है. रिपोर्ट में बताया गया कि देश में 14 लाख 71 हजार स्कूल और 24 करोड़ 69 लाख से ज़्यादा छात्र हैं, और बिजली, शौचालय, डिजिटल सुविधाओं के साथ-साथ

लड़कियों व SC-ST छात्रों के नामांकन में भी सुधार हुआ है। रिपोर्ट में शिक्षकों की बेहतर तैनाती, AI का उपयोग और व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की सिफारिश की गई है।

**मीडिया महाकुंभ**

भोपाल स्थित भारत भवन में कल से माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय का तीन दिवसीय 'मीडिया महाकुंभ' शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम हिंदी पत्रकारिता के 200 साल पूरे होने के जश्न में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन चलने वाले इस आयोजन में देशभर के 60 से ज्यादा जाने-माने पत्रकार, संपादक और विचारक शिरकत करेंगे।

**आकाशवाणी - वॉकेथॉन**

आकाशवाणी के 90 साल पूरे होने के जश्न में कल सुबह 8:30 बजे भोपाल में एक खास वॉकेथॉन का आयोजन किया जा रहा है। श्यामला हिल्स स्थित आकाशवाणी भोपाल के दफ्तर से इस वॉकेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह आयोजन रेडियो की इस ऐतिहासिक यात्रा को सलाम करने का एक अनोखा तरीका है।

**विश्व योगासन चैंपियनशिप**

भारत पहली बार विश्व योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है. यह 4 से 8 जून तक अहमदाबाद के ट्रांसस्टेडिया में होगी और इसमें 40 से ज़्यादा देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि इस चैंपियनशिप का लक्ष्य योगासन को दुनियाभर के युवाओं में लोकप्रिय बनाना और भविष्य में इसे ओलंपिक में शामिल कराना है।

**आईपीएल**

आईपीएल में अब से कुछ ही देर में लखनऊ के इकाना स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स आमने-सामने होंगे। गुजरात से पिछले मैच में हार झेल चुकी रजत पाटीदार की RCB इस जीत से प्लेऑफ की दौड़ में अपनी

पकड़ मजबूत करना चाहेगी। वहीं लगातार 6 हार के साथ पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे चल रही लखनऊ के लिए यह मैच साख बचाने की जंग होगी।

**संक्षिप्त समाचार**

- शहडोल के मुख्य डाकघर में कल से दो दिवसीय आधार महाभियान शिविर लगाया जा रहा है, जहां नागरिक आधार से जुड़ी अपनी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे।
- मंडला के कान्हा टाइगर रिजर्व में मलेशिया वन विभाग का 7 सदस्यीय दल तीन दिवसीय अध्ययन दौरे पर पहुंचा और कान्हा मॉडल को अपने देश में अपनाने की इच्छा जताई।
- भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने रायसेन के उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर गेहूं की गुणवत्ता, तुलाई और किसानों के लिए पानी-छाया जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया।
- नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस ने धार के खलघाट में किसानों के हक की मांग को लेकर तीन घंटे का चक्का जाम और धरना प्रदर्शन किया।
- खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कांग्रेस पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में उपार्जन केंद्रों पर फसल का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।
- बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को जमीनी स्तर पर शिक्षा व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए।
- सीहोर में 12 मई को महिला आईटीआई में युवा संगम रोजगार मेला लगेगा, जिसमें 16 कंपनियां 1610 से ज्यादा पदों पर युवाओं की भर्ती करेंगी।
- शिवपुरी कलेक्टर ने गांवों में रात्रि जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं मौके पर ही सुनीं और उनका समाधान किया।
- आगर मालवा में 9 मई को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए 10 न्यायिक खंडपीठों का गठन किया गया है।
- निवाड़ी कलेक्टर जमुना भिड़े ने ओरछा में श्री राम राजा लोक के विकास कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

- मंदसौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक 48 रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं पूरी हो चुकी हैं और 84 पर काम तेजी से जारी है।
- विदिशा पुलिस की "सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत" बुजुर्गों की समस्याएं सुनने और उनका त्वरित समाधान करने का काम कर रही है।
- केशव सिंह बघेल ने आज प्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली।
- भोपाल की कोहेफिजा पुलिस ने पश्चिम बंगाल के एक एमबीबीएस डॉक्टर को 1.40 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया।
- जबलपुर शहर ने बिजली बकाया वसूली में 14.82 प्रतिशत की कमी दर्ज कर पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया।

------------------------